# EDII को उद्यमिता में ‘उत्कृष्टता केंद्र’का दर्जा मिला

## चर्चा में क्यों?

- 14 दिसंबर, 2021 को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII), अहमदाबाद के महानिदेशक सुनील शुक्ला ने बताया कि हाल ही में EDII को भारत सरकार के उद्यमिता और कौशल विकास मंत्रालय द्वारा उद्यमिता में ‘उत्कृष्टता केंद्र’का दर्जा प्राप्त हुआ है।

## प्रमुख बिंदु

- अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, 1983 से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और संस्थान निर्माण के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने में लगा हुआ है।
- यह समावेशी विकास के लिये और मध्य भारत में उद्यमिता हेतु एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये भोपाल में अपने केंद्रीय क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से काम करता है।
- यह उद्यमिता शिक्षा, अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये शिक्षा संस्थानों, सरकार और उद्योग के बीच परस्पर निर्भरता एवं सहयोग का माहौल बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करता है। साथ ही यह मध्य प्रदेश और उसके आस-पास के क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं, महिलाओं, छात्रों, कारीगरों, कृषकों आदि के उत्थान के उद्देश्य से एमएसएमई क्षेत्र को सहायता प्रदान करता है।
- EDII मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्यों के लिये लगा हुआ है, जिसमें चंदेरी और महेश्वर में हथकरघा, बैतूल में टेराकोटा और ग्वालियर में कालीन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- EDII डीएसटी, भारत सरकार के समर्थन से विज्ञान और प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि के उद्यमियों को विकसित करने तथा संकाय विकास कार्यक्रमों के माध्यम से मानव संसाधन के पूल को विकसित करने में लगा हुआ है।
- डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि EDII ने मध्य प्रदेश के प्रमुख संस्थानों, जैसे- मध्य प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजमाता विजियाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर और सरकारी संस्थानों के साथ कई अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं।
- राज्य में प्रमुख शिक्षा संस्थानों के सहयोग से EDII का लक्ष्य फिनटेक, एडुटेक, क्लेनटेक, हेल्थटेक, बायोटेक आदि जैसे प्रौद्योगिकी गहन डोमेन में छात्र उद्यमिता के लिये एक अनुकूल माहौल बनाना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/edii-got-the-status-of-center-of-excellence-in-entrepreneurship